# धरती का चलता फिरता कल्प वृक्ष है गौ माता : राजेन्द्र दास

## नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने गौ कथा का किया श्रवण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में श्री रेवासा धाम एवं श्री वृंदावन धाम के पावन सानिध्य में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज द्वारा आयोजित गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती विषयक दिव्य कथा का आज द्वितीय दिवस अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.**



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि महाराज जी के प्रवचनों से क्षेत्र में गौसेवा की भावना निश्चित रूप से सुदृढ़ होगी. गौमाता के आशिर्वाद से यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से समृद्धि की ओर अग्रसर होगा. बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में चल रही दिव्य कथा का देश के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने भी श्रवण किया. उन्होंने महाराज श्री से आशिर्वाद प्राप्त किया. कथा में जगदगुरू राजेंद्रदास महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में समाज की दुर्दशा का मूल कारण गौवंश की उपेक्षा है. उन्होंने कहा कि भौतिक संपत्ति असुरों के पास भी थी, किंतु वह आसुरी संपत्ति थी, दैवीय संपत्ति नहीं. आसुरी संपत्ति मनुष्य को संसार के मोहजाल में फँसाती है, जबकि दैवीय संपत्ति उसे मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करती है. महाराज जी ने गौ सेवा को सच्ची समृद्धि का आधार बताते हुए कहा कि गौ माता की सेवा से बुद्धि निर्मल होती है, जीवन में सुख-शांति आती है.

### किसानों के लिए प्रेरणादायी होगा

महाराज श्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 9 हजार से अधिक गौवंश संरक्षित किये गये हैं जो सुखपूर्वक निवास करते हैं और पास के जंगल में विचरण करते हैं. उनकी गौशाला में पूरे मनोभाव से सेवा की जाती है. गौवंश वन्य विहार में प्राकृतिक खेती का कार्य किसानों के लिए प्रेरणादायी होगा. शुद्ध, सात्विक, कीटाणु रहित आहार प्राकृतिक खेती से ही प्राप्त हो सकता है. यह क्षेत्र गौसेवा से अपनी दिव्यता को प्रकट कर रहा है. उन्होंने गौसेवा में लगे सेवकों को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद दिया. आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और वातावरण गौमय भक्ति, सेवा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा.



# प्रदेश में अपराध बढ़ रहे और गुंडाराज कायम है : रीना

## कांग्रेस की महिला प्रदेशाध्यक्ष ने कहा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बौरासी सेतिया ने रीवा दौरे में भाजपा सरकार और बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि पूरी तरह से प्रदेश अपराध की चपेट में है.**

उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहे है और गुंडा राज कायम है. कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारो से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि जब विधायक सुरक्षित नही है तो आम जनता की सुरक्षा पर सवाल खड़ा होना लाजमी है. साथ ही उन्होने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिये सख्त कार्यवाही होनी चाहिये. प्रदेश अध्यक्ष ने साफ तौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि रीवा में गुंडाराज भाजपा की देन है. कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है. मऊगंज के भाजपा विधायक पिछले एक माह से लापता है उन्हे एक गैंग द्वारा धमकी दी गई थी जिसके बाद से वह लापता है. अब इसी से समझा जा सकता है कि आम जनता का हाल क्या होगा. प्रदेश में 22 साल से भाजपा की सरकार है, महिला अत्याचार के मामले में प्रदेश नम्बर एक पर है. लेकिन प्रदेश सरकार महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिये कोई प्रभावी कदम नही उठाए जा रहे है. देश में शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने के लिये कोई योजना नही बनाई गई है. महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में अवैध उत्खनन और परिवहन चल रहा है. रीवा की बेलन और टमस नदी में भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है. पत्रकारवार्ता में प्रदेश महासचिव श्रीमती कविता पाण्डेय, पूर्व विधायक श्रीमती नीलम मिश्रा आदि मौजूद रही.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 फरवरी। बरका पुलिस चौकी क्षेत्र के लोहराडोल में बीती रात एक अज्ञात वाहन के टक्कर से 26 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बरका पुलिस चौकी प्रभारी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर वाहन की तलाश में लगे हैं।**



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लोहराडोल निवासी अनिल अगरिया पिता बुद्धसेन अगरिया उम्र 26 वर्ष को गांव के सड़क मार्ग में पैदल जा रहा था कि एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। यह घटना बीती रात करीब 8 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके से चौकी प्रभारी नृपेन्द्र सिंह हमराह के साथ पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश में जुट गये हैं। बताया जा रहा है कि मृतक फुटबॉल का अच्छा खिलाड़ी था।

### धनौजा के पास सड़क हादसा, युवक की मौत

सरई थाना के समीपी धनौजा मंदिर के पास आज दिन शुक्रवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घोघरा निवासी विजय रजक पिता रामाधीन रजक उम्र 35 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था कि एक अज्ञात हैवी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके से पहुंच घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई ले गई। किंतु चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही सड़क हादसे के बाद लोगों में भारी उत्साह है।

# बहेरा नाला के पुल से नीचे गिरी बाइक, युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**सीधी, 13 फरवरी. जिले के कुसमी अंचल में शुक्रवार दोपहर बहेरा नाला पुल से बाइक के गिरने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।**



यह दुर्घटना लेदहा के बहेरा नाला पुल के पास ग्राम पंचायत रौहाल क्षेत्र में दोपहर करीब 12 बजे हुई। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सीता प्रताप सिंह पिता गजराज सिंह उम्र 45 वर्ष अपनी बहन के ससुराल रौहाल में आयोजित दसगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वे पहले अपने छोटे भाई को रौहाल छोड़ने गए थे। कार्यक्रम से लौटते समय उन्होंने अपनी पत्नी और बुआ को भी सुरक्षित छोड़ा था। इसके बाद वे रौहाल से अपने गांव चगोहर की ओर वापस जा रहे थे। इसी दौरान लेदहा स्थित बहेरा नाला पुल के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक संतुलन खोकर सीधे पुल के नीचे जा गिरी। गिरने से सीता प्रताप सिंह के सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय लोग तत्काल सहायता के लिए दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है और परिजनों से भी पूंछताछ की जा रही है।

# रीवा में पुलिस की कस्टडी से आरोपी फरार, चलती गाड़ी से कूदकर भागा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, रीवा की पुलिस लाइन कॉलोनी से कई गाड़ियों की चोरी का मामला सामने आया था, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों की निजी मोटर साइकिलें भी शामिल थी. इस मामले में जवा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की गाड़ियां बरामद कीं और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था.**

चोरी को बाइक बरामदगी और आरोपी पकड़े जाने के बाद जवा पुलिस ने मामले की सूचना बिछिया थाना पुलिस को दी और तीनों आरोपियों को वाहन सहित उनके सुपुर्द कर दिया. लेकिन इसी दौरान बड़ी चूक सामने आई. तीन आरोपियों में से एक आरोपी पुष्पराज सोंधिया बिछिया पुलिस की हिरासत से हथकड़ी छुड़ाकर फरार हो गया. आरोपी के फरार होने की खबर मिलते ही पूरे जिले में हड़कंप मच गया. पुलिस की विशेष टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं. शहर और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. फिलहाल इस पूरे मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नही है.

### कलेक्टर की पहल पर छात्र को मिली हाई स्कूल परीक्षा में बैठने की अनुमति

**सतना 13 फरवरी.** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर संज्ञान लेते हुए माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने छात्र प्रांशु यादव पिता रमेश यादव को हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2026 में सम्मिलित होने की विशेष अनुमति प्रदान की है। परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी आदेश के अनुसार छात्र प्रांशु यादव को स्वाध्यायी (प्राइवेट) श्रेणी में परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है। इसके लिए मण्डल द्वारा निर्धारित ऑफ्लाइन परीक्षा शुल्क 1200 रूपये तथा विलंब शुल्क 15000 रूपये कुल 16200 रूपये सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के खाते में 12 फरवरी 2026 तक जमा करने की शर्त रखी गई थी। यह अनुमति कलेक्टर सतना के प्रयासों से छात्र प्रांशु यादव को प्रदान की गई है। अब शुल्क जमा होने उपरांत छात्र प्रांशु यादव हाईस्कूल परीक्षा 2026 में सम्मिलित हो सकेंगे।

# मंत्री कुशवाह ने धारकुण्डी पहुंचकर किए दर्शन



नवभारत न्यूज

**सतना 13 फरवरी. मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह शुक्रवार को सतना जिले के प्रवास के दौरान धारकुण्डी स्थित श्री परमहंस आश्रम पहुंचे.**

जहां उन्होंने ब्रम्हलीन स्वामी सच्चिदानंद महाराज की समाधि के पावन दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। दर्शन के पश्चात मंत्री श्री कुशवाह ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि ऐसे पावन स्थल जीवन को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने गुरुकृपा सदैव बनी रहने की कामना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, साधु-संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99